प्रेस नोट थाना रौजा

जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य दिनांक 19.05.2026

थाना रोजा पुलिस द्वारा मोबाइल टावर पर चढ़कर विवाहिता महिला को प्रताड़ित करने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक, शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रौजा के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान चिन्हित किये गये अपराधियों की गिरफ्तारी व तलाश वांछित/वारन्टी-जिलाबदर अपराधी व रोकथाम अवैध शराब-शस्त्र / अफीम चरस बिक्री-निर्माण एवं चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन/गश्त के क्रम में थाना रौजा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 17.05.2026 को समय करीब 11:30 बजे पीआरवी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना रोजा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरतारा में नेशनल हाईवे के निकट स्थित एक मोबाइल टावर पर एक व्यक्ति चढ़ गया है। सूचना पर थाना रोजा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा जांच करने पर पाया गया कि सुन्दरम तिवारी पुत्र ईश्वरदीन निवासी थाना पिहानी, जनपद हरदोई मोबाइल टावर पर चढ़ा हुआ है। उक्त व्यक्ति से दूरभाष के माध्यम से वार्ता की गई तो उसने बताया कि वह एक विवाहिता महिला से प्रेम करता है तथा उसके मौके पर आने के उपरांत ही टावर से नीचे उतरेगा। थाना रोजा पुलिस द्वारा अभियुक्त को समझा-बुझाकर सकुशल नीचे उतारा गया तथा उसके परिजनों को सूचित किया गया। इस संबंध में वादी द्वारा थाना रोजा पर तहरीर दी गई, जिसके आधार पर थाना रोजा पर मु0अ0सं0 222/2026 धारा 74 बीएनएस बनाम सुन्दरम तिवारी पुत्र ईश्वरदीन निवासी थाना पिहानी, जनपद हरदोई पंजीकृत किया गया। मुकदमे में आरोप अंकित किया गया कि अभियुक्त द्वारा वादी की विवाहित पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए मोबाइल टावर पर चढ़कर शादी करने हेतु प्रताड़ित किया जा रहा था। उक्त मुकदमे में थाना रोजा पुलिस टीम द्वारा देखरेख शांति व्यवस्था, चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति एवं तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 19.05.2026 को समय करीब 15:40 बजे चकभिटारा अड्डे से अभियुक्त सुन्दरम तिवारी पुत्र ईश्वरदीन निवासी थाना पिहानी, जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए उसे मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

अभियुक्त सुन्दरम तिवारी पुत्र ईश्वरदीन निवासी ग्राम हरैया थाना पिहानी जनपद हरदोई।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अं0सं0 222/26 धारा 74,64(1) बीएनएस थाना रोजा जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थानः

दिनांक 19.05.2026 को समय 15.40 बजे, चकभिटारा अड्डे के पास ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

थानाध्यक्ष श्री उमेश कुमार मिश्र, थाना रोजा, शाहजहाँपुर।
उ0नि0 श्री शिवम अग्रवाल, थाना रोजा, शाहजहाँपुर।
का0 2174 विपिन नैन, थाना रोजा, शाहजहाँपुर।